## खबर संक्षेप

### नैनपुर में 24 को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**मण्डला।** स्वस्थ्य नगर अभियान के अंतर्गत आगामी 24 दिसंबर को नैनपुर नगर में आयोजित किए जाने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर को लेकर नगर में जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में नगर के विभिन्न वार्डों में हर घर पंपलेट वितरण कर नागरिकों को स्वास्थ्य शिविर की जानकारी दी गई तथा शिविर से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। पंकज कुमार सोनी ने बताया है कि प्रचार अभियान के दौरान वार्ड नंबर 7 ईटका, वार्ड नंबर 14 शांति नगर एवं वार्ड नंबर 1 में सहयोगियों के साथ घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क किया गया। टीम ने लोगों को बताया कि यह शिविर पूरी तरह निःशुल्क है और इसका उद्देश्य नगरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। प्रचार के दौरान नागरिकों को यह जानकारी दी गई कि शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ साथ आवश्यक परामर्श भी उपलब्ध रहेगा जिससे समय रहते बीमारियों की पहचान हो सकेगी और उचित उपचार की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकेगा। टीम ने लोगों से अपील की कि वे इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ लें और अपने परिवार के सदस्यों को भी इसमें शामिल करें इस जनसंपर्क अभियान में बीएसवीपी की टीम भी सक्रिय रूप से साथ रही जिनके सहयोग से प्रचार कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

### चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**मण्डला।** मोनिका निवासी ग्राम छपरा तहसील निवास की 19 जून 2025 को रात्रि में सोते समय सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण, मृतक निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पिता श्री हजारी लाल के खाते में आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की गई है।

### दादी ओर पोते की एक दिन के अंतर में में उठी अर्थी

**भुआबिछिया।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 (खेरमाई मोहल्ला) भुआबिछिया निवासी पूर्व पंच श्रीमती बुधिया बाई बंजारा झाड़ बंजारा एवं स्व. वीरू बंजारा की माता। विगत लंबे समय से अस्वस्थ होने के चलते आज प्रातः उनका दुखद निधन हो गया। एक दिन पूर्व रात्रि को उनके पोते सत्यम (सत्तू) बंजारा की बंजारी घाट में मोटरसाइकिल दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई थी जिसकी अंत्येष्टि 17 दिसंबर बुधवार को हुई, ओर आज गुरुवार को उसकी दादी की अंत्येष्टि हुई सभी नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शासन को हो रहा राजस्व का भारी नुकसान

# निवास में अवैध उत्खनन जोरों पर

*** मनमाने तरीके से कहीं भी चल रहा खनन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



निवास क्षेत्र में वर्षों से शासकीय व निजी भूमि पर अवैध खनन किया जाकर मिट्टी, मुर्रम, पत्थर बेचा रहा है, वहीं कृषि कार्य में अनुबंधित ट्रैक्टर वाहन नियम विरुद्ध प्रशासन की आँखों के सामने खनिज परिवहन कर शासकीय/अशासकीय भवन आदि निर्माण कर्ताओं को मनमाने दामों में बेच रहे हैं, जिससे राजस्व विभाग को कई लाखों की हानि हो रही है पर स्थानीय प्रशासन मौन बैठा है।

निवास मुख्यालय में अनेकों शासकीय भवनों का निर्माण कार्य ठेकेदारों द्वारा किये जा रहे हैं जिनकी नींव फिलिंग में बड़ी मात्रा में पत्थर/मिट्टी/मुर्रम की आवश्यकता होती है जिसकी आपूर्ति हेतु संबंधितों को शासन से खनन/परिवहन की अनुज्ञप्ति लेना चाहिये लेकिन भृष्ट तंत्र के चलते ऐसा नहीं हो रहा, निर्माण एजेंसियों व शासन के जिम्मेदारों की साँठ गाँठ के कारण सरकार को प्राप्त होने वाली लाखों की राजस्व राशि की हानि हो रही है।

ज्ञात हो कि निवास क्षेत्र में चाहे वन भूमि हो या शासकीय या राजस्व भूमि हो इतना ही नहीं पंचायत द्वारा बनाये गये सरोवर की मेढ़ तक कि मुर्रम बेच दिया गया है। जिसको जहाँ से खनन करना हो बेख़ौफ खुदाई कर ट्रैक्टर ट्रालियां राजस्व, थाना, अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालयों के सामने से फर्राटे भर रहीं हैं।

### बिगड़ रही प्राकृतिक भौगोलिक रचना

प्रशासन की अनदेखी से अवैध उत्खनन कार्य में लगे कई दर्जनों ट्रैक्टर वाहनों के मालिक मनचाही भूमि पर खनन कर रहे हैं, फिर चाहे वो जमीन सरकारी हो या निजी या फारेस्ट की या पी डब्ल्यू डी की भूमि को खोदकर बड़े 2 गड्ढे कर छोड़ दिया गया है जिससे बारिश में जलभराव के बाद मवेशियों के अलावा मानवीय जानोमाल का खतरा बढ़ जाता है, वहीं पूर्व के वर्षों में ऐसी घटनाएं हो भी चुकी हैं और आगामी बरसात में हो सकने वाली दुर्घटनाओं का अंदेशा और आंकड़े भी बढ़ जायेंगे। अतः जिससे शासन/प्रशासन द्वारा पीड़ति परिजनों को दी जाने वाली मुआवजा राशि में भी बढ़ोतरी होगी।





## पंचायत की लापरवाही के कारण फिर लगने लगी बस स्टैंड में बाहर दुकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया बस स्टैंड में विगत दिनों चाय पान के ठेले समोसे के ठेले जो की बस स्टैंड के चारों तरफ लग रहे थे जिसके कारण बसो के आने-जाने में परेशानी होती थी यात्रियों को भी पानी पीने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता था इसके तहत पड़रिया पंचायत के सरपंच सचिव एवं मेंबरों के द्वारा एवं जन प्रतिनिधियों के सहयोग से बस स्टैंड में एक निश्चित जगह बनाई गई थी जिसमें दुकान व्यवस्थित ढंग से लग सके परंतु एक दो महीने सही लगने के बाद पुनः एक-एक करके प्रतीक्षालय के सामने ठेले लग रहे हैं जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है अगर इन ठेलों वालों को रोक नहीं गया तो आने वाले समय में सभी ठेले यथावत जहां लगते थे वहां लगने लगेंगे जिससे यातायात व्यवस्था यात्रियों की परेशानी महिला प्रशासन पुरुष प्रसारण में जाने में दिक्कत और अन्य समस्याएं का सामना लोगों को करना पड़ेगा अतः ग्राम पंचायत सरपंच सचिव से निवेदन है कि शीघ्र ही बाहर लग रहे चाय पान के ठेले को शीघ्र ही यथावत दुकान जहां लग रही है वहां लगाया जाए जो की सभी दुकान वहां पर लग रही हैं वहीं पर ही लगते की कोशिश की जावे जिसके कारण लोगों को आने-जाने या यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।



## सुधार गृह में बांटी भागवत गीता



**मण्डला।** जिला सुधार गृह एवं बंदीग्रह में वरिष्ठ समाज सेवियों के द्वारा श्रीमद्भागवत गीता का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी उमा यादव ने बंदीजनों को गीता के महत्व और उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गीता के उपदेशों का पालन करके हम अपने जीवन में परिवर्तन ला सकते हैं और अपने परिवार के प्रति जिम्मेदारियों को पूरा कर सकते हैं जेल अधीक्षक संजय सहलाम ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि गीता के उपदेशों का पालन करके हम अपने जीवन को सुधार सकते हैं और समाज में एक अच्छा नागरिक बन सकते हैं। इस कार्यक्रम में समाजसेवी शीतला वैष्णव, योगेश टेमरे, होटल नर्मदाइन से स्वाति जैन, शिरीष तिवारी गीता साहू एवं होटल नर्मदा इन के संचालक अनिरुद्ध तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार यादव ने किया।

## आयुष विभाग के कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधे लाल नरेटी ने बताया कि संभागीय आयुष अधिकारी जबलपुर के नाम डॉ.गायत्री अहाके जिला आयुष अधिकारी मण्डला को ज्ञापन सौंपा गया। वर्ष 2016-17 से आयुष विभाग के जबलपुर संभाग में कार्यरत आयुर्वेद/होम्योपैथी/यूनानी औषधि संयोजकों के वर्षों से लंबित द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान से वंचित रखा गया है, जबकि शेष संभागों में द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ पूर्व में ही दिया जा चुका है। आयुष विभाग में अनेकों बार लिखित एवं मौखिक रूप से आवेदन/ज्ञापन दिए जाने के बावजूद भी समयमान वेतनमान का लाभ से वंचित रखा है। जिससे कर्मचारी आर्थिक एवं मानसिक उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। उच्च अधिकारियों से अनुरोध है कि अविलंब समयमान वेतनमान का लाभ दिया जावें। इस दौरान राजेश अम्पुरी, दीपक पाठक, श्रीचंद कुड़ापे, सतेन्द्र झारिया, प्रफुल्ल पटेल, गौरा मरावीं, सावित्री मरकाम, सूरज ठाकुर, भंवर सिंह कोकड़िया, कुमार सानू ठाकुर, दीपक चंद्रौल आदि मौजूद रहे।

## जन शिक्षा केंद्र स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आगाज, छात्र-छात्राओं ने दिखाएं हुनर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

नारायणगंज विकासखंड के अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र मानेगांव में आज दिनांक 18 12 2025 से तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता की शुभारंभ, मंडल अध्यक्ष किशनलाल तेकाम, एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष होसीलाल साहू की अध्यक्षता में तथा सरपंच ग्राम पंचायत पाठाश्रीमती मंगो बाई उरवेती एवं सरपंच ग्राम पंचायत घोटखेड़ा इंद्रजीत मरावी की गरिमा में उपस्थित रही। आज जो प्रथम दिवस खेल संपन्न हुई उनमें प्राथमिक वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता माध्यमिक वर्ग की कबड्डी हाई स्कूल वर्ग की दौड़। यादि प्रतियोगिता संपन्न हुई है।द्वितीय चरण की प्रतियोगिताएं कल दिनांक को संपन्न होगी। उपरोक्त समस्त प्रतियोगिता हमारी जन शिक्षा केंद्र के प्रभारी नरेश सैयाम, एवं हाई स्कूल की प्रभारी अंग्रेज सिंह उईके, जन शिक्षक सुभाष साहू एवं सहदेव मरावी तथा वरिष्ठ शिक्षक उजियार सिंह मसराम , के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें जन शिक्षा केंद्र के समस्त शिक्षकों का भी सराहनीय योगदान रहा।

## नगर परिषद बिछिया के द्वारा द्विव्यांग को वितरण की गई ट्राई साईकिल



**भुआबिछिया।** मंडला नगर परिषद भुआ बिछिया के वार्ड क्रमांक 14 की दिव्यांग महिला अमरावती मरावी को नगर परिषद के पदाधिकारी के द्वारा ट्राईसाईकिल प्रदान की गई जिससे अव दिव्यांग महिला सहजता से आवागमन व जरूरत के अन्य कार्य स्वयं कर सकती हैं ट्राई साईकिल मिलने पर दिव्यांग महिला के चहरे में खुशी की झलक देखने को मिली इस पहल से दिव्यांग महिला के परिजन खुश नजर आये। ट्राई साईकिल वितरण में ये रहे उपस्थित अध्यक्ष नगर परिषद रजनी मरावी, शशिकांत श्रीवास्तव, प्यारेलाल कोराम नरेश कसार, हर्षलता श्रीवास, पूनम रजक, चेतना राजपूत, नारायणी साहू उपयंत्री एच.आर. कुरैशी मनोज निगम, मुकेश श्रीवास व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

**बदहाली** | **मकर संक्रांति पर्व पर क्या मिट्टी-कीचड़ में स्नान करेंगे श्रद्धालु।**

# त्रिवेणी संगम महाराजपुर बदहाली का शिकार

*** बाहर जिलों से आते हैं श्रद्धालुजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





महाराजपुर मण्डला जिले का प्रमुख धार्मिक एवं आस्था का केंद्र त्रिवेणी संगम, महाराजपुर इन दिनों बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है। हर वर्ष मकर संक्रांति एवं नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर यहां हजारों श्रद्धालु स्नान एवं दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस अवसर पर संगम स्थल पर विशाल मेला भी आयोजित होता है, लेकिन पर्व में अब कुछ ही दिन शेष रहने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस तैयारियां शुरू नहीं की गई हैं।

कई जिलों व राज्यों से पहुंचते हैं श्रद्धालु स्थानीय लोगों के अनुसार मकर संक्रांति के दिन केवल मण्डला जिले से ही नहीं, बल्कि बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा सहित आसपास के जिलों तथा छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र जैसे अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान के लिए आते हैं। इतनी बड़ी भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाओं का दुरुस्त होना बेहद जरूरी है।

संगम स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पक्के घाट एवं सीढ़ियों का निर्माण किया गया है, लेकिन लंबे समय से साफ-सफाई न होने के कारण ये घाट पूरी तरह मिट्टी और कीचड़ से पटे पड़े हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को मजबूरी में मिट्टी कीचड़ में ही स्नान करना पड़ सकता है, जिससे हादसों की आशंका भी बनी हुई है।

सुरक्षा और सौंदर्याकरण के इंतजाम नदारद संगम स्थल पर सुरक्षा के कोई विशेष इंतजाम नहीं दिखाई दे रहे हैं। घाटों की पुताई, मरम्मत और सौंदर्याकरण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के चलते इस दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है।

अतिक्रमण की चपेट में संगम तीर्थ श्रद्धालुओं का कहना है कि सामाजिक कुंभ के दौरान संगम तीर्थ को व्यवस्थित ढंग से अतिक्रमण मुक्त कराया गया था, लेकिन बाद में कुछ लोगों द्वारा स्वार्थवश नर्मदा तट तक अतिक्रमण कर दुकाने लगा ली गईं। प्रमुख मार्गों पर दुकानों के कारण श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी हो रही है। साथ ही क्षेत्र में गंदगी और कचरे का अंबार लगा हुआ है।

प्रशासन से त्वरित व्यवस्था की मांग आगामी एक माह के भीतर मकर संक्रांति एवं नर्मदा जयंती महोत्सव का आयोजन इसी पवित्र तीर्थ स्थल पर प्रस्तावित है। ऐसे में स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि समय रहते साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने, घाटों की मरम्मत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि धार्मिक कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सकें और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## रोटरी मंडला की मानवीय पहल, कटरा मिडिल स्कूल में स्वेटर वितरण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शीत लहर और कड़ाके की ठंड के बीच विद्यार्थियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से रोटरी मंडला द्वारा कटरा मिडिल स्कूल में स्वेटर वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिडिल स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वेटर प्रदान किए गए, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। कार्यक्रम में रोटरी मंडला के अध्यक्ष प्रसन्न सराफ, सुरेश चौधरी, डॉ. राजेश चौरसिया, संजय तिवारी, अजय खोत, अविनाश गोयल, गीता कल्पीवार एवं दिलीप तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रसन्न सराफ ने अपने वक्तव्य में कहा कि समाज के कमजोर वर्ग, विशेषकर बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य की चिंता करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ठंड के मौसम में स्वेटर वितरण जैसे छोटे प्रयास बच्चों के जीवन में बड़ा सहारा बनते हैं और रोटरी मंडला भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर करती रहेगी। संजय तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति भी आवश्यक है। जब बच्चे सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में पढ़ेंगे, तभी उनका सर्वांगीण विकास संभव होगा। रोटरी मंडला का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सहयोग पहुंचाना है। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वेटर वितरण से बच्चों को ठंड से राहत मिलेगी और उनके नियमित विद्यालय आगमन में भी सहूलियत होगी। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही और उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों की ओर से रोटरी मंडला के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा जताई गई।

# डिंडोरी की चार छात्राओं का 69वीं राष्ट्रीय सेपक टाकरा स्पर्धा में चयन




**डिंडोरी** -कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया के निर्देशन में एवं सहायक आयुक्त जनजाती कार्य राजेंद्र कुमार जाटव के मार्गदर्शन में विभागीय शालेय खेल कैलेंडर 2025-26 के अनुसार सेपक टाकरा सीनियर जूनियर बालिका अभिलाषा परस्ते पिता दिनेश परस्ते, रुक्मणी पिता शिव कुमार ,देवंती पुषाम पिता आनंद सिंह, अंजली कुशराम पिता शंकर सिंह, सांदीपनी विद्यालय शहपुरा ने विद्यालय , विकास खंड, जिला,संभाग, विभागीय राज्य, शालेय राज्य स्तरीय छः स्तर की स्पर्धाओ में भाग लिया । खेल कौशल की कुशल दक्षता से सभी स्तरों में चयनित

होते हुए खेल विधा विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन किया है। जिला क्रीड़ा प्रभारी जनजातीय कार्य विभाग पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने जानकारी बताया कि चयनित छात्राए प्री. नेशनल कोचिंग कैंप 09 दिसंबर 2025 से 13दिसंबर 2025 तक अनुपपुर में सम्मिलित होकर राष्ट्रीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता जोधपुर राजस्थान में 16 दिसंबर 2025 से 22 दिसम्बर 2025 तक श्रीमती रमा साहू कोच के मार्गदर्शन में भाग लें रही है। राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन तथा मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए ,विद्यालय एवं जिले को गौरवान्वित करने वाले प्रतिभा वान खिलाड़िओ को सहायक आयुक्त जनजाति कार्य राजेंद्र कुमार जाटव, जिला क्रीड़ा प्रभारी पुरुषोत्तम सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम. के. राय, प्राचार्य यशवंत साहू,डॉ. डी. के. श्रीवास्तव, संदीप सोनी, खेल प्रशिक्षक रमा साहू, अनिल लोधी,जागेश्वर नंदा, नवीन खरगाल,दिलीप सोनवानी,शेरमेर खालको , परवेज खान ,अमर साहू ,विधालय स्टाफ एवं समस्त खेल प्रेमीयों ने उज्वल भविष्य की शुभकामना एवं बधाई प्रेषित की है l

ग्राम पंचायत भलवारा एवं ग्राम पंचायत सुखलोंड़ी का भ्रमण कर विभिन्न कार्यों का निरीक्षण

# जल जीवन मिशन के कार्यों की जांच, दनदना जलाशय पर किसानों से किया संवाद

डिंडौरी



कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने मेंहदवानी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भलवारा एवं ग्राम पंचायत सुखलोंड़ी का भ्रमण कर विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत भलवारा में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर में नल जल योजना के पाइप लाईन, कनेक्शन का अवलोकन किया और घर-घर जाकर दीदीयों और ग्रामीणों से वार्तालाप कर पूछा कि पर्याप्त पेयजल प्राप्त हो रहा है या नहीं जिस पर गांव के सरपंच श्रीमती नवारो बाई मरकाम साथ में प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा। वहीं पर कलेक्टर ने कृषक गनपत आर्मो ग्राम भलवारा से कोदो कुटकी उर्पाजन संबंधी विक्रय पर विस्तृत चर्चा की और कहा कि उपार्जन केन्द्र में ही कोदो कुटकी बेचे। और कृषि विस्तार अधिकारी को निर्देश दिए कि एक एक वाहन के माध्यम से गांव गांव क्रय हेतु वाहन भेजा जाए वाहन भेजने के पूर्व संबंधित ग्राम में मुनादी के माध्यम से अवगत कराया जाए ताकि उस दिन गांव के समस्त किसान अपना कोदो कुटकी सामग्री विक्रय कर सकें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अधिकारी को निर्माणाधीन टंकी से जुडे कनेक्शनों को नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए सभी कनेक्शन में टोंटी लगाने के निर्देश दिए। जिससे चलता पानी बेकार न बहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने देवरगढ़ दनदना जलाशय एवं नहर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कृषकों से चर्चा कर सिंचाई, जल उपलब्धता एवं खेती से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों को जल संरक्षण एवं जल के समुचित उपयोग के लिए प्रेरित करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लेने की अपील की। जल संसाधन विभाग अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एक सप्ताह के अन्दर नहर को पूर्ण किया जाए टूटे-फूटे स्थानों की मरम्मत की जाए। मैं पुनः 15 दिवस के अन्दर नहर का अवलोकन करूंगी, इसके पूर्व नहर दुरूस्त कर ली जाए। ताकि किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध हो सके। कलेक्टर के भ्रमण से ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाएगा तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत प्रमोद ओझा, आरईएस एसडीओ, जल जीवन मिशन के अधिकारी, जल संसाधन अधिकारी श्री एसके शर्मा, एसडीओ सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मनरेगा एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक



**डिंडौरी ।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मनरेगा एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दिव्यांशु चौधरी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज जैन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, यंत्री, सहायक यंत्री, जिला प्रबंधक एनआरएलएम श्रीमती अर्पणा पांडे, कार्यपालन यंत्री आरईएस श्री ललित कुमार एवं संबंधित योजनाओं के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान, सार्वजनिक तालाब, खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज एवं अमृत सरोवर, आंगनवाडी केन्द्र, सीएनजी, चैकडेम, मां की बगिया, तार फैंसिंग, बाउंड्री बाल, पुलिया, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, तालाब मरम्मत, सीसी रोड आदि कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को भुगतान संबंधी कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि हितग्राहियों को समय पर मजदूरी भुगतान हो सके।

इसलिए जिले के विकास कार्यों में प्रगति के साथ कार्यों को चिन्हांकित कर सिपरी एप के माध्यम से करें ताकि उपयोगी संरचनाओं का निर्माण किया जा सके इसके लिए सभी जनपद सीईओ तथा मैदानी अमले को प्रशिक्षित किया जाए। नर्मदा परिक्रमा पथ, आश्रय स्थल में मनरेगा से फैंसिंग की राशि का प्रावधान के अनुसार उपयुक्त स्थलों पर कार्य कराए जाएं। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में विकास कार्यों की तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जाए। जिससे तत्काल स्वीकृत कराते हुए इसी वित्त वर्ष में कार्यों को पूर्ण कराया जा सके। योजना के लिए बनाए गए वाटर मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल का उपयोग किया जाए। कलेक्टर ने जिले में चल रहे विकास कार्यों एवं प्रस्तावित कार्यों का तकनीकी स्वीकृति एवं प्रशासकीय स्वीकृति के यंत्री, सहायक यंत्री, जनपद सीईओ, कार्यपालन यंत्री आरईएस को प्रकरण एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करें ताकि कार्यों को पूर्ण किया जा सके।

## भूमि विवाद में न्यायालय का स्थगन आदेश

**शहपुरा ।** डिण्डौरी में 23 वर्ष पुराने विक्रय पत्र की चतुर्सीमा में कथित बदलाव कर भूमि हड़पने के प्रयास के मामले में सिविल न्यायालय ने स्थगन आदेश जारी किया है। प्रार्थना देवी गुप्ता द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत वाद में आरोप लगाया गया कि विक्रय पत्र की चतुर्सीमा में फेरबदल कर उनकी भूमि को शामिल दिखाया जा रहा है। माननीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, डिण्डौरी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 17 दिसंबर 2025 को प्रतिवादियों के विरुद्ध यथास्थिति बनाए रखने एवं भूमि पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश पारित किया। मामले में प्रार्थना देवी गुप्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एम.एन. चौहान ने पक्ष रखा।

# पंखिनी कार्यक्रम में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने बढ़ाया बालिकाओं का आत्मविश्वास

**पुलिस भर्ती हेतु स्क्रीनिंग एवं फिजिकल ट्रेनिंग का शुभारंभ, 450 से अधिक बालिकाओं की सहभागिता**




**डिंडौरी** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिले में संचालित नवाचार पंखिनी "सपनों को दो पंख" के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही बालिकाओं हेतु स्क्रीनिंग एवं फिजिकल ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ 18 दिसंबर को प्रातः 11 बजे किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने स्वयं उपस्थित होकर बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बालिकाओं को पुलिस भर्ती सहित अन्य शासकीय सेवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिक से अधिक आवेदन करने तथा पूरे समर्पण के साथ शारीरिक प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम डिंडौरी पुलिस ग्राउंड एवं शहपुरा स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम में आयोजित किया गया। डिंडौरी पुलिस ग्राउंड में आयोजित स्क्रीनिंग में लगभग 250 बालिकाओं ने सहभागिता की। पुलिस भर्ती परीक्षा के निर्धारित शारीरिक मापदंडों के अंतर्गत न्यूनतम 155 सेंटीमीटर ऊँचाई के आधार पर 131 बालिकाओं को पात्र पाया गया। चयनित बालिकाओं को पुलिस विभाग एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय फिजिकल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम शहपुरा में पुलिस भर्ती हेतु 73 ऑनलाइन एवं 23 ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हुए। फिजिकल स्क्रीनिंग के दौरान 61 बालिकाएं उपस्थित रहीं। यहां भी पुलिस भर्ती के निर्धारित शारीरिक मापदंडों के अनुसार बालिकाओं की स्क्रीनिंग की गई।प्रशिक्षण की प्रक्रिया दोनों स्थलों पर प्रारंभ में शारीरिक मापदंडों की जांच की गई। 155 सेंटीमीटर ऊँचाई की पात्रता पूर्ण करने वाली बालिकाओं को आगामी सोमवार से पुलिस भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु फिजिकल ट्रेनिंग दी जाएगी।प्रशिक्षण के दौरान दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, ऊँचाई एवं वजन मापन सहित अन्य आवश्यक शारीरिक अभ्यासों का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित प्रशिक्षण पुलिस, खेल एवं शिक्षा विभाग के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर, डीएसपी पुरुषोत्तम मरावी (महिला प्रकोष्ठ), सूबेदार कुंवर सिंह (रक्षित केंद्र डिंडौरी), जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मोहम्मद अहमद खान, जिला जनसंपर्क अधिकारी, पुलिस विभाग से प्रशिक्षक पवन एवं सोमेश दीक्षित, खेल विभाग की प्रशिक्षक श्रीमती आरती सोंधिया, लक्ष्मी बनावल एवं सुनीता, तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।शहपुरा कार्यक्रम में एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा, एसडीओपी, सीडीपीओ शहपुरा एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को लेकर बालिकाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पंखिनी कार्यक्रम जिले में नारी सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं समान अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक प्रेरणादायी एवं प्रभावी पहल के रूप में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया जकाजाम

# जकाजाम से लगभग 2 घंटे रहा आवागमन बाधित

अमरपुर



एक तरफ सरकार जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाने का दावा किया जा रहा हैं। परंतु ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन फेल और सरकार की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा हैं। ताजा मामला जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत देवरी का प्रकाश में आया हैं। जहां पर नल जल योजना पूर्व वर्षों से ही अवस्थाओं के साथ संचालित हैं। जहां पर वर्तमान समय में आदिवासी बाहुल्य तीन मोहल्लों में विगत एक माह से नल जल योजना का पानी नहीं पहुंच रहा हैं। मोहल्ले वासियों द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी समस्या बार बार बताने के बावजूद भी ग्राम पंचायत के जवाबदार पदाधिकारियों द्वारा आज कल में टालते रहे। परंतु जब मोहल्ले वासियों का सब्र का बांध टूटा और लगभग 50-60 महिलाएं अमरपुर समनापुर सड़क जाम कर दिया। जानकारी मिलते ही महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर पहुंचे और पुलिस चौकी, सीईओ जनपद पंचायत, एसडीओ पीएचई डिंडौरी को सूचना दिए। थाना प्रभारी एच एस तिवारी अपने दलबल के साथ पहुंचकर समझाइश दी गई। इसके साथ ही ग्राम पंचायत को सख्त लहजे में तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था को कहा गया। तब तत्काल टैंकर की व्यवस्था की गई। मौके पर पहुंचे श्रीकांत गुप्ता एसडीओ पीएचई को भी स्थाई व्यवस्था बनाने कहा गया हैं। तब जाकर लगभग 3:30 बजे जाम खुल पाया। इस संबंध में ग्राम पंचायत द्वारा जानकारी दी गई कि मोटर जल गई हैं। भुगतान न होने से मोटर नहीं मिल पा रही। जिसमें सरपंच पति ने कहा कि 80 हजार रुपए देना हैं तभी मोटर मिलेगी। वहीं पर लवकेश नारनौरे सीईओ जनपद पंचायत द्वारा उपस्थित रोजगार सहायक को तत्काल स्थाई रूप से व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।



## शिक्षा व्यवस्था को लेकर टिकरिया विद्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित

**डिंडौरी –** शहपुरा जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टिकरिया स्थित एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था को लेकर बुधवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग की सभापति की उपस्थिति रही, जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत शहपुरा के उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल रहे। समीक्षा बैठक के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षकों की कार्यप्रणाली, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल ने शिक्षकों को शासन की शिक्षा संबंधी योजनाओं का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाने तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।बैठक में एकीकृत माध्यमिक विद्यालय टिकरिया के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पंचायत प्रतिनिधियों में सरपंच गोपाल तेकाम, उपसरपंच संदीप गौलिया, पंच प्रदीप झारिया, पंच अहिल्याबाई झारिया सहित जन शिक्षक भी मौजूद रहे। बैठक के अंत में शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए तथा विद्यालय से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।

# धान खरीदी केंद्र लालपुर का निरीक्षण



**डिंडौरी ।** कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में संबंधित अधिकारियों ने धान खरीदी केंद्र लालपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान खरीदी व्यवस्था, तौल प्रक्रिया, भंडारण व्यवस्था तथा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी गईं। किसानों ने बताया कि धान खरीदी में उपयोग किया जा रहा बारदाना आकार में छोटा होने के कारण धान की सिलाई में परेशानी आ रही है, जिससे खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।किसानों की शिकायत पर अधिकारियों ने संबंधित एजेंसी को शीघ्र उचित आकार का बारदाना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही खरीदी केंद्र प्रभारी को तौल एवं भुगतान प्रक्रिया को पारदर्शी रखने, किसानों को समय पर सुविधा उपलब्ध कराने तथा समस्याओं का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा और धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा।

कॉलेज चलो अभियान के तहत सघन जागरूकता अभियान

# छात्र-छात्राओं से किया गया संवाद शासन की योजनाओं की दी जानकारी

डिंडौरी




मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा द्वारा 'कॉलेज चलो अभियान' के अंतर्गत 1 दिसंबर से निरंतर सघन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 18 दिसंबर 2025 (गुरुवार) को शहपुरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय एवं अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं से संवाद किया गया। अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करौंदी, बरगांव एवं अमेरा में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को महाविद्यालयीन शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। संवाद के दौरान मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, गांव की प्रतिभा किरण छात्रवृत्ति योजना, आवास सहायता योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों हेतु निःशुल्क स्टेशनरी वितरण योजना, साथ ही ई-प्रवेश एवं एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना है, जो किसी कारणवश महाविद्यालय में अध्ययन से वंचित रह गए थे। 'कॉलेज चलो अभियान' के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन शिक्षा से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री पूरन सिंह वरकड़े एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. एल. एन. साहू द्वारा विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से संवाद किया गया तथा आवश्यक जानकारियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करौंदी, बरगांव एवं अमेरा के प्राचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग प्रदान किया गया।



# अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई,सिवनी नदी से रेत ले जाते दो ट्रैक्टर जब्त

**डिंडौरी ।** गोरखपुर क्षेत्र में सिवनी नदी से अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टरों को प्रशासन द्वारा पकड़ा गया। यह कार्रवाई गुरुवार दोपहर लगभग 1.30 बजे की गई। जब्त किए गए दोनों ट्रैक्टरों पर कोई पंजीयन क्रमांक अंकित नहीं पाया गया।जांच में ट्रैक्टरों के मालिक चंदन साहू एवं राजेश्वरी मार्को, निवासी गोरखपुर बताए गए हैं, जबकि वाहन चालकों के नाम रामेश्वर एवं राजू, निवासी मूसामुंडी बताए गए। अवैध रेत परिवहन की पुष्टि होने पर दोनों ट्रैक्टरों को जप्त कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना गाडासरई में खड़ा कराया गया है।यह कार्रवाई नायब तहसीलदार करंजिया संजय मरकाम (रा.नि.) एवं पटवारी प्रतीक शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं रेत के अवैध परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## खेत-तालाब से होगा जल समस्या का समाधान

**डिंडौरी ।** चौपाल में एक ग्रामीण द्वारा रोजगार की कमी की बात रखे जाने पर जिला पंचायत सीईओ श्री दिव्यांशु चौधरी ने संबंधित इंजीनियर को नाम दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल समस्या के स्थायी समाधान के लिए किसानों को खेत-तालाब निर्माण के लिए प्रेरित किया जाए। अधिक खेत-तालाब बनने से जल स्तर में सुधार होगा, जिसमें जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत द्वारा सहयोग किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने कहा कि शाम और रात के समय ग्रामीण अपने दैनिक कार्यों से लौटकर घर पर मिल जाते हैं। ऐसे में गांव आकर सीधे संवाद करने से वास्तविक समस्याओं की जानकारी मिलती है। उन्होंने बताया कि जनचौपाल के दौरान एसआईआर में एसडीआर सूची का वाचन भी कराया गया है।जनचौपाल में मौजूद ग्रामीण श्री तीतलाल पूषाम ने कहा कि पहले समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, अब अधिकारी स्वयं गांव आकर सुन रहे हैं, यह सराहनीय है। उन्होंने समस्याओं के शीघ्र निराकरण की अपेक्षा भी जताई। चौपाल के दौरान कलेक्टर द्वारा बच्चों को टॉफी बांटी गई, जिससे बच्चों में विशेष खुशी देखी गई।

# जल संचय अभियान अंतर्गत बोरी बंधान कार्य संपन्न

## कुर्हा नाला में 100 बोरियों का बंधान कर रोका गया पानी

**डिंडौरी । मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड शहपुरा, जिला डिंडौरी द्वारा जल संचय अभियान के अंतर्गत ग्राम रनगांव के बुरका टोला स्थित कुर्हा नाला में बोरी बंधान का कार्य किया गया। इस अवसर पर नाले में 100 बोरियों का बंधान कर जल संरक्षण का महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुआ। यह गतिविधि जन अभियान परिषद द्वारा प्रस्फुटन समिति, CMCLDP के छात्र-छात्राओं एवं नवांकुर संस्था के सहयोग से आयोजित की गई। बोरी बंधान के माध्यम से नाले का पानी रोका गया, जिससे मवेशियों के लिए पेयजल तथा सिंचाई हेतु जल उपलब्ध हो सकेगा।**



कार्यक्रम में जिला समन्वयक एवं विकासखंड समन्वयक डॉ. नीलेशवरी वैश्य, मेंटर अभिषेक तिवारी, नवांकुर संस्था प्रभारी डुमारी चक्रवर्ती, समिति सदस्य नान सिंह, सुखी राम, भल्लू वनवासी, ग्राम सरपंच सीमा कोल सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी सहभागियों ने सामूहिक रूप से बोरी बंधान कर जल संरक्षण की शपथ ली और संदेश दिया— "जल है तो कल है, पानी बचाना हम सब का कर्तव्य है।" जल संरक्षण कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ CMCLDP के छात्र धर्मेंद्र चौहान, लोकेश साहू, गंगोत्री मरावी, सुशीला मरावी, मीनाक्षी सोनी, शुभांगी दुबे, रेशु गुप्ता, सतीश श्रीवास्तव, आशीष रजक, अखिल गुप्ता, विनय झारिया, सिद्धार्थ शर्मा, नितिन अग्रवाल, जितेंद्र कुशवाहा, अभिषेक झारिया एवं आदित्य तिवारी ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा भविष्य के लिए जल सहेजने का संकल्प लिया गया।



# प्रशासन गांव की ओर के तहत कलेक्टर ने रात में गांव पहुंचकर लगाई जनचौपाल

**योजनाओं की दी जानकारी, समस्याएं सुनीं, बच्चों को बांटी टॉफी**

**डिंडौरी ।** बुधवार की रात कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया अधिकारियों के साथ डिंडौरी विकासखंड के ग्राम हिनौता के मुकद्दम टोला पहुंचीं। गांव में जनचौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया। इस दौरान ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण का आश्वासन दिया गया। रात के समय अधिकारियों को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। जनचौपाल के दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशा धुर्वे ने गांव में बिजली गुल होने एवं लो वोल्टेज की समस्या का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पड़ाव टोला के पास लगे ट्रांसफार्मर से आए दिन परेशानी होती है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने तत्काल समाधान एवं भविष्य में समय रहते सुधार का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क तथा रोजगार से जुड़ी समस्याएं भी रखीं।

# अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई



**डिंडौरी ।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में अवैध मदिरा के संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन की रोकथाम हेतु बुधवार, 17 दिसंबर 2025 को आबकारी विभाग डिंडौरी द्वारा वृत्त डिंडौरी अंतर्गत बस स्टैंड एवं आसपास के क्षेत्र में सघन कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान प्रथम प्रकरण में नरेश बर्मन पिता छोटे लाल, निवासी वार्ड क्रमांक 9 डिंडौरी के कब्जे से एक बिना नंबर की नीले रंग की एक्टिवा की डिक्की में रखे 10 पाव देशी मदिरा एवं 14 पाव जीनियस रम (विदेशी मदिरा) बरामद की गई। मदिरा के साथ एक्टिवा वाहन को भी जप्त किया गया। द्वितीय प्रकरण में आरिफ खान पिता हिजबुल रहमान, निवासी वार्ड क्रमांक 4 डिंडौरी के कब्जे से 7 पाव जीनियस रम (विदेशी मदिरा) जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) 'क' के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक सम्हर सिंह धुरवे, आरक्षक छिद्दी लाल झारिया, रामभरोस ठाकुर, करिश्मा सलामे, मनीष उईके, नगर सैनिक टोक सिंह मरावी एवं कोता बाई उपस्थित रहे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं शैलेष कुमार जैन पिता श्री सनमत कुमार जैन जाति जैन, आयु 47 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 09 नर्मदागंज डिण्डौरी तहसील व जिला डिण्डौरी मध्यप्रदेश का सच-सच कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र मे नाम देशना जैन है, किन्तु उसे घर मे अद्विका जैन पुकारा जाता था जिस कारण मेरी पुत्री के आधार कार्ड मे नाम अद्विका जैन लिखा हुआ है। मेरी पुत्री का सही नाम देशना जैन है अतः मेरी पुत्री के आधार कार्ड मे नाम अद्विका जैन के स्थान पर देशना जैन (Deshna Jain) संशोधित कर लिखा व पढा जावे।

CX 480032

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा के विराट इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं तथा शासकीय सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरवारी की कदम इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में छात्रा-छात्राओं को प्रकृति भ्रमण एवं पर्यावरणी जागरूकता के संबंध में टोन घाट का भ्रमण कराया गया। जिसके तहत ऐतिहासिक रानीताल एवं राजयोग आश्रम का भ्रमण किया गया साथ ही छात्रों द्वारा टोन घाट की प्राकृतिक सौंदर्य का लाभ उठाया गया, जहां पर विभिन्न प्रजातियों के पेड़-पौधों वन्यजीवों एवं जलप्रपात को निकटता से अध्ययन किया। इस दौरान जे.डी.कार्यालय जबलपुर से पी.पी. सिंह साहब उपसंचालक एवं श्री खरे सहायक संचालक तथा श्रीमती साहू एवं काशिव का बच्चों को उद्बोधन व मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।कार्यक्रम के दौरान सूरवारी एवं बरहटा समस्त स्टाफ के साथ-साथ जे .डी. कार्यालय का स्टाफ भी सहभागी रहा। अंत में सभी ने वनभोज का आनंद लिया एवं कार्यक्रम अत्यंत रोचक एवं सराहनीय होने के साथ-साथ बच्चों के लिए प्रेरणास्पद रहा।

### कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा



**नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिले में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, अधीक्षण यंत्री म प्र विद्युत मंडल, महाप्रबंधक जल निगम जबलपुर तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग व अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने निर्देशित किया कि प्रगतिरत समस्त योजनाओं के कार्य शासन द्वारा निर्धारित की गई समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। मैकेनिकल संकाय के 5 ग्रामों में ठेकेदार के द्वारा कार्य न करने के कारण ठेकेदार को तत्काल अनुबंध निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रण करने की कार्यवाही की जावे। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले बरमान मेले में पेयजल व्यवस्था का कार्य 10 जनवरी तक पूर्ण कर लिया जावे। बैठक में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बताया कि सिविल संकाय की 797 योजनाएं, मैकेनिकल संकाय की 93 योजनाएं एवं मप्र जल निगम की 55 योजनाएं स्वीकृत हैं, जिसमें से वर्तमान में सिविल संकाय की 621 योजनाएं और मैकेनिकल संकाय की 77 योजनाएं पूर्ण कर ली गई हैं, जबकि म प्र जल निगम पायली समूह की 55 योजनाएं का कार्य प्रगतिरत है।

### विवाहों का हो शत प्रतिशत पंजीयन - कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त उप विवाह रजिस्ट्रार एवं सचिव ग्राम पंचायत को निर्देशित किया है कि शत प्रतिशत विवाहों का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय भोपाल द्वारा पत्र जारी किया है। मध्यप्रदेश विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रेशन नियम अनुसार मप्र राज्य में भारत के नागरिकों के बीच किसी भी विधि या रूढ़ि के अधीन सत्यापित किए गए समस्त विवाह का पंजीयन किया जाता है। परंतु वर्तमान में समस्त विवाहों का पंजीयन नहीं होने पर अधिकांशत महिलाओं को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके परिणाम स्वरूप पति की मृत्यु के उपरांत पत्नी को मिलने वाले स्वत्वों के भुगतान आदि में परेशानी होती है।

### ओमप्रकाश पुनः ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने



**तेंदूखेड़ा।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा ओमप्रकाश पटेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाँवरपाठा विधानसभा तेंदूखेड़ा का पुनः अध्यक्ष नियुक्ति किया गया है। इस नियुक्ति पर ओमप्रकाश पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे श्रीमती सोनिया गाँधी एवं राहुल गाँधी की मंशा अनुरूप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों सिद्धांतो और संगठनात्मक अनुशासन के अनुसार कार्य करेंगे एवं ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने में भूमिका निभाएंगे।

## श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रम जीवन का अभिन्न है हिस्सा - श्री पटेल

# उत्तम श्रमिक पुरस्कार के तहत 15 श्रमिक पुरस्कृत







**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस श्रम विभाग अंतर्गत मप्र श्रम कल्याण मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता के कार्यक्रम का शुभारंभ स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, मंडल कल्याण आयुक्त बसंत कुर्रे, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामसनेही पाठक ने की। कार्यक्रम में अतिथियों ने उत्तम श्रमिक पुरस्कार के अंतर्गत 15 श्रमिकों को और साहित्य पुरस्कार के अंतर्गत 10 श्रमिकों को राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। इसके पश्चात संभागों से आए खिलाड़ियों की रैली निकाली गई, जो शहर विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस स्टेडियम ग्राउंड पहुंची।

### श्रम जीवन का है हिस्सा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि श्रम जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जिस क्षेत्र में श्रम की कमी होती है, वह क्षेत्र पीछे चला जाता है। समाज की उन्नति में खेलों का बहुत महत्व है। इसी उद्देश्य से नरसिंहपुर में नियमित रूप से खेलकूद प्रतियोघ्गिताओं का आयोजन किया जाता है। देश और प्रदेश की जनसंख्या में एक बड़ा हिस्सा असंगठित श्रमिकों का है। प्रदेश में 42 प्रकार के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है। इस दौरान उन्होंने सभी से नशे से दूर रहने की बात कही। मंडल कल्याण आयुक्त श्री बसंत कुर्रे ने राज्य स्तरीय खेल, श्रम मंडल का गठन और श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी।

### श्रमिक अनुशासन तथा स्वस्थ रहें

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मंडल के उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन होते रहें, ताकि श्रमिक अनुशासन के साथ ही अपने आप को स्वस्थ रख सकें एवं उनमें टीम भावना का विकास हो। कार्यक्रम को रामस्नेही पाठक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संजय चैबे ने किया। उल्लेखनीय है कि स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न संभागों में अक्टूबर व नवम्बर माह में सम्पन्न हुई श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता एवं उप विजेता श्रमिक खिलाड़ी और व्यक्तिगत खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एक हजार से अधिक श्रमिकों ने भाग लिया, जिनमें 200 से अधिक महिलाएं भी शामिल हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

इस प्रतियोगिता में 105 से अधिक औद्योगिक इकाईयों एवं स्थापनाओं के श्रमिकों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ महिलाओं की 100 मीटर दौड़ से किया गया। इसके बाद कबड्डी एवं व्हालीबॉल प्रतियोगिताएं प्रांरभ हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, सहायक कल्याण आयुक्त आरपी मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, सुनील कोठारी, राधेश्याम नेमा, मंडल सदस्य, श्रम अधिकारी सुश्री दामिनी सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### सांसद श्री कुलस्ते आज प्रतियोगिता में होंगे शामिल

सभापति, एससी एसटी कल्याण समिति लोकसभा एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते शुक्रवार 19 दिसम्बर को स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर आएंगे और यहां खेल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। जारी प्रवास कार्यक्रम के तहत सांसद श्री कुलस्ते शुक्रवार 19 दिसम्बर को सायं 5.10 बजे जबलपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान कर सायं 6.30 बजे स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर आएंगे। आप यहां खेल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात सायं 7.30 बजे स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागी हुए पुरस्कृत



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) नरसिंहपुर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की परीक्षा 22 नवंबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुई थी। इसी क्रम में गत दिवस जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार मे किया गया, जिसमें जिलेभर से प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले भर से इस प्रतियोगिता मे लगभग 5200 प्रतिभागी सम्मलित हुए थे। जिसमे में नरसिंहपुर मे संपन्न समारोह मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 300 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिला प्रचारक रविदत्त तिवारी ने विद्यार्थियों के मध्य स्व का बोध, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन व नागरिक कर्तव्य बोध ("पंच परिवर्तन") इत्यादि विषय की महत्त्वता अभिव्यक्त करते हुए सामाजिक-सांस्कृतिक जागरूकता के संवर्धन बढ़ाने सहित जिम्मेदार नागरिक बनने का आव्हान किया गया। मुख्य वक्ता के रूप मे साक्षी बोहरे, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्या अभाविप द्वारा अपने उद्बोधन में अभाविप के गौरवशाली इतिहास, राष्ट्रनिर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका एवं संगठन की वैचारिक व सैद्धांतिक पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, अनुशासन एवं स्मार्टफोन के सकारात्मक एवं रचनात्मक उपयोग के विषय में प्रेरक मार्गदर्शन दिया। समारोह का समापन वंदे मातरम गीत एवं संगठनात्मक संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में ज्ञान, अनुशासन एवं राष्ट्रीय भावना के विकास का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विभाग संगठन मंत्री सुब्रत बाझल, जिला संगठन मंत्री प्रिंस तिवारी, नगर अध्यक्ष लक्ष्मीकांत धाकड़, संदीप मस्कार्या, मानसी मेहरा, उत्कर्ष रावत, रोहित, श्रेयांश, इशरत, इनायत, हर्षुल सहित अनेक अभाविप कार्यकर्ता एवं विद्यार्थीयो सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी व अभिभावकगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के परिणामों में प्रथम स्थान तेंदूखेड़ा तहसील के कृष्णकांत पटेल ने प्राप्त किया, जिन्हें पुरस्कार स्वरूप स्मार्ट फोन प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के देवकीनंदन वर्मा को मिला, जिन्हें साइकिल भेंट की गई। तृतीय स्थान चावरा विद्यापीठ के अपूर्व पटेल ने प्राप्त किया, जिन्हें स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया।



### सात दिवसीय क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का समापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा सात दिवसीय महिला / पुरुष क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 12 दिसंबर 2025 से 18 दिसंबर 2025 तक किया गया, जिसका शुभारंभ दिनांक 12 दिसंबर को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह जी द्वारा किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं को क्रिकेट की बारीकियां सिखाई गई। जिसमें फ्रंट फुट, डिफेंस, बैक फुट डिफेंस, ऑन ड्राइव, ऑफ ड्राइव, ऑफ स्पिन, लेग स्पिन, फास्ट बोलिंग, कैचिंग, ग्राउंड फील्डिंग इत्यादि। शिविर समापन में एक अभ्यास मैच का आयोजन किया गया, जिसमें पी.जी. कॉलेज नरसिंहपुर महिला टीम का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा । शिविर में 55 लाभार्थियों ने सहभागिता की जिसमें मुख्य रूप से शिवानी धुर्वे, मीना यादव, आरजू कुर्मी, साक्षी, रागनी, दीपा, दिव्या, हाफिज, कारण, लोकेश, विकास, अर्जुन, आकाश, साहिल इत्यादि। प्रशिक्षक के रूप में आदित्य तिवारी और सौरभ लहरिया द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्राचार्य डॉ. आर.बी. सिंह, डॉ मनीष अग्रवाल, वीरेंद्र झरिया, भरत सिंह ठाकुर, केशव प्रसाद पांडे, डॉ. जगदीश सेन, डॉ. नमिता साहू, श्रीमती प्रीति कौरव, डॉ. नेहा राठौर, जीजी बाई, अनिकेत साहू और दीपचंद कहार का विशेष सहयोग रहा। शिविर के उपरांत महाविद्यालय टीम का गठन किया गया।

## श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से ही संभव है मानव का कल्याण- रामकृष्णानंद आचार्य



**गोटेगांव नरसिंहपुर**

महामंडलेश्वर से कथावाचक विपिन बिहारी ने लिया आशीर्वादगोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बासनपानी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में पंच अग्नि पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णानंद जी महाराज का आगमन हुआ। कथा पंडाल में पधारने पर महाराज श्री का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य यजमान और जिला पंचायत सदस्य अरविंद पटेल ने अपने परिवार सहित आचार्य श्री की पादुका का पूजन कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णानंद महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मात्र ही मनुष्य के जीवन का कल्याण कर सकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के जीवन में आने वाली समस्त बाधाएं और कष्ट स्वतः ही दूर हो जाते हैं। कथा के दौरान महाराज श्री ने गौ माता के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पृथ्वी स्वयं गौ रूप में हमारा पालन-पोषण करती है। शास्त्रों के अनुसार गौ माता का मुख देखना अत्यंत शुभ माना गया है और जिस घर में गाय की सेवा होती है, वहां सुख-समृद्धि का वास होता है।इस दौरान कथावाचक राष्ट्रीय संत पंडित विपिन बिहारी महाराज ने भी आचार्य महामंडलेश्वर श्री से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश, तरवर सिंह पटेल, सरपंच नीलेश तिवारी, लक्ष्मी नारायण तिवारी, पंडित भूपेंद्र शास्त्री और अंकित शर्मा सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहकर कथा रसपान कर रहे हैं।



# छात्र- छात्राओं ने किया महाविद्यालय का भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह के निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी प्राध्यापक दिनेश कुमार दुबे, सह-प्रभारी डॉ नमिता साहू, सदस्य डॉ गणेश सोनी, सूश्री इंदु सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में महाविद्यालय की कॉलेज चलो समिति के द्वारा जिले के समस्त शासकीय व निजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भ्रमण कर बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रवेश सम्बन्धी विविध जानकारियां प्रदान की गई। द्वितीय चरण में शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शासकीय सीएम राइज विद्यालय के शिक्षकों योगेश गुप्ता, महेंद्र सिंह लोधी, मोनिका मेहरा, माधुरी गर्ग के सानिध्य में बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत 50 छात्राओं द्वारा महाविद्यालय का भ्रमण किया गया। समिति के द्वारा छात्राओं को पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब का भ्रमण कराया गया और महाविद्यालय में चलने वाली विभिन्न कंप्यूटर कक्षाओं से अवगत करवाया गया। साथ ही छात्राओं को विज्ञान संकाय की कक्षाओं, रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, कला, जंतु विज्ञान की प्रयोगशालाओं का भी भ्रमण करवाया गया। इसके साथ ही छात्र छात्राओं को खेल विभाग से संबंधित गतिविधियों से भी अवगत करवाया गया। पुस्तकालय का भी छात्राओं द्वारा अवलोकन किया गया।

## विश्व की सबसे विशाल शिवलिंग के दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब

**गोटेगांव।**

क्षेत्र के मुंगवानी थाना अंतर्गत पेट्रोल पंप परिसर में बुधवार को उस समय श्रद्धालुओं का तांता लग गया, जब विश्व की सबसे ऊंची और विशालकाय बताई जा रही शिवलिंग वहां पहुंची। तमिलनाडु में निर्मित यह दिव्य शिवलिंग बिहार के पटना में निर्माणाधीन विश्व स्तरीय मंदिर में स्थापित होने के लिए जा रही है। जैसे ही शिवलिंग का आगमन लखनादौन मार्ग से होते हुए मुंगवानी में हुआ, स्थानीय नागरिक और आदित्य पटेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया। इस अवसर पर शिवलिंग के साथ चल रहे यात्रियों का स्थानीय जनों द्वारा आत्मीय स्वागत सत्कार किया गया। दर्शन और पूजन के पश्चात परिसर में देर शाम तक भक्तिमय माहौल बना रहा



और श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन का आनंद लिया। इसी क्रम में ढलती सुहानी शाम को मुंगवानी थाने के पास पेट्रोल पंप परिसर में एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया i इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लोकगीत गायक जित्तू खरे अपनी सुमधुर प्रस्तुति देंगे। धार्मिक भजनों के साथ समां बांध दिया जिसे सुनने के लिए आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु भी बड़े ही उत्साह के साथ भजनों का आनंद लेने पहुंचे वहीं शिवलिंग के साथ चल रहे दल के सदस्यों ने इसकी भव्यता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह शिवलिंग और मंदिर अद्वितीय है। पटना में लगभग 120 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में मंदिर का निर्माण हो रहा है, जहां इस शिवलिंग को प्रतिष्ठित किया जाएगा। इसकी ऊंचाई 270 फीट, चौड़ाई 540 फीट और लंबाई 1080 फीट बताई गई है। मंदिर का सबसे ऊंचा मुख्य शिखर 270 फीट का होगा, जबकि अन्य शिखरों की ऊंचाई 198 फीट, 180 फीट, 135 फीट और 108 फीट निर्धारित की गई है।



# यूरिया पाने जद्दोजहद

**तेंदूखेड़ा** इन दिनों यूरिया डी ए पी खाद पाने के लिए किसानों के लिए एक एक बोरी के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।ऐसा ही एक नजारा तेंदूखेड़ा में देखने को मिला जहां यूरिया पाने के लिए बड़ी संख्या में किसान एक एक बोरी के लिए एकत्रित हुये है।